(b) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND COMMUNICATIONS (SHRI I. K. GUJRAL) : (a) No.

(b) As the project area is spread over two districts in two States, considerable time was taken to collect the required data from all the Units operating in this area. All the data has now been received and a decision is expected to be taken shortly.

### मध्य प्रदेश में रात्रि डाकघर

3145. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में कितने रात्रि डाकघर हैं तथा वे किन-किन जिलों में स्थित हैं; और

(ख) चौथी पंचवर्षीय योजना में मध्य प्रदेश में कितने रात्रि डाकघर खोलने का सरकार का विचार है तथा किन किन जिलों में रात्रि डाकघर खोले जायेंगे ?

**संसद्-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल)** : (क) 5; भोपाल, इन्दौर, ग्वालियर, जबलपुर तथा रायपुर जिलों में से प्रत्येक में एक-एक ।

(ख) चौथी पंचवर्षीय योजना को अभी अन्तिम रूप नहीं दिया गया है, अतः इस समय कोई निश्चित सूचना देना संभव नहीं है ।

### दिल्ली में नकली राशन कार्ड

3146. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जनवरी 1967 से लेकर आज तक दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र में ऐसे कितने व्यक्तियों पर मुकदमे चलाये गये जिनके पास नकली राशन कार्ड थे और जिन्होंने उनका प्रयोग किया था ;

(ख) कितने व्यक्तियों को दण्ड दिये गये और कितने मामले अभी न्यायालयों में निर्णयाधीन हैं ।

(ग) उक्त अवधि में दिल्ली में ऐसे कितने राशन कार्ड पकड़े गये जिनका दुरुपयोग किया जा रहा था और इन जब्त राशन कार्डों के सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है; और ।

(घ) चीनी, गेहूं तथा चावल के कोटे में सरकार को उनसे एक वर्ष में कितने यूनिटों की बचत हुई :

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे)** : (क) 93 व्यक्ति।

(ख) 34 व्यक्तियों पर दोष सिद्ध हुआ और 59 व्यक्तियों के विरुद्ध मामले निर्णयाधीन हैं ।

(ग) 16,450 राशन-कार्ड पकड़े गये थे जिसमें से 4,067 कार्ड रद्द कर दिए गए और शेष 12,383 कार्डों में जो अधिक नाम लिखे हुए थे उन्हें कम कर दिया गया ।

(घ) चीनी 46391 यूनिट

गेहूं तथा चावल 84192 यूनिट

### मध्य प्रदेश के लिये चीनी का कोटा

3147. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश के खाद्य मन्त्री ने केन्द्र से राज्य के लिये चीनी के अधिक कोटे की मांग की है ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में क्या निर्णय किया गया है ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे)** : (क) राज्य सरकार के खाद्य विभाग से प्रतिमास 1,600 मीटरी